nandgaon times JULAI-14-4.qxd 7/13/2025 10:28 PM Page 1

शहीद जवानों की स्मृति में... पृष्ठ 2 | गैर नोटिस/व्यवस्थापन गरीबों का... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

सोमवार, 14 जुलाई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 264, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए




॥ जय श्री जलाराम ॥
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।





# वैष्णव ब्राह्मण समाज का रहा है गौरवशाली इतिहास : मुख्यमंत्री साय

## मुख्यमंत्री साय अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में हुए शामिल



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर में आयोजित अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ (चतु: संप्रदाय), मुंबई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम के ननिहाल और माता कौशल्या की पावन भूमि छत्तीसगढ़ में वैष्णव ब्राह्मण समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित होना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि वैष्णव ब्राह्मण समाज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। इस समाज की विभूतियों ने छत्तीसगढ़ में दानशीलता की अद्भुत मिसालें स्थापित की हैं। विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में वैष्णव ब्राह्मण समाज का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाज के प्रतिभावान व्यक्तियों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वैष्णव ब्राह्मण समाज ने सनातन धर्म को सशक्त बनाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। यह समाज केवल पुरोहित कर्म से ही नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन में भी सक्रिय रहा है। दानशीलता की महान परंपरा का परिचय देते हुए इस समाज ने कभी राजपाट तक दान कर दिए। राजनांदगांव की वैष्णव ब्राह्मण रियासत इसका अनुपम उदाहरण है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि डेढ़ वर्ष के भीतर हमने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अधिकांश गारंटियों को अमल में लाकर पूर्ण किया है। छत्तीसगढ़, प्रभु श्रीराम का ननिहाल रहा है और उन्होंने अपने वनवास का लंबा समय यहीं व्यतीत किया था। हमारी सरकार ने रामलला दर्शन योजना शुरू की है, जिसके तहत अब तक 22 हजार से अधिक श्रद्धालु अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला के दर्शन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना को भी पुन: प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिक अपनी आस्था के अनुसार तीर्थ स्थलों का दर्शन कर सकेंगे। दिव्यांगजनों, विधवाओं और परित्यक्ताओं के लिए इस योजना में अधिकतम आयु सीमा नहीं रखी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प लिया गया है।



उसी दिशा में हमें विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में अग्रसर होना है। इस कार्य में वैष्णव ब्राह्मण समाज की सक्रिय भागीदारी अपेक्षित है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि समाज संगठित रहकर निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर होगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वैष्णव ब्राह्मण समाज एक दूरदर्शी और कल्पनाशील समाज है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव से विधायक, सांसद, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने इस समाज के ऐतिहासिक योगदान को निकटता से देखा है। उच्च शिक्षा, रेलवे, उद्योग और पेयजल व्यवस्था के विकास में राजनांदगांव के राजपरिवार ने अभूतपूर्व योगदान दिया है। महंत दिग्विजय दास जी ने महाविद्यालय के लिए अपना महल दान किया, रेलवे के लिए विशाल भूमि दी, और बीएनसी कॉटन मिल की स्थापना की, जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिला। महंत घासीदास जी ने व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिए नि:शुल्क भूमि देने की घोषणा की थी। उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने अपने संबोधन में कहा कि वैष्णव ब्राह्मण समाज सनातन धर्म की ध्वजवाहक है। इस राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक के आयोजन से समाज और अधिक एकजुट होकर आगे बढ़ेगा।

# हिमाचल के सिरमौर में भूस्खलन, कई गाड़ियां मलबे में दबीं; 11 सड़कें भी बंद



**नाहन।** जिला सिरमौर के ऊपरी क्षेत्र में देर रात को हुई भारी बारिश के चलते श्रीरेणुकाजी विधानसभा क्षेत्र के हरिपुरधार कस्बे के समीप हुए भारी भूस्खलन की चपेट में आने से तीन वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा है। गनीमत यह रही कि मध्य रात्रि को हुए इस भूस्खलन की चपेट में वाहन ही आए, यदि दिन के समय हादसा होता, तो कोई बड़ी घटना घटित हो सकती थी। वहीं रविवार को भारी बारिश और भूस्खलन के चलते सिरमौर जिले में 11 सड़कें बंद हुईं। हरिपुरधार कुपवी सड़क पर करीब 11 घंटे वाहनों की आवाजाही ठप रही। वही बंद हुई सड़कों में नाहन उपमंडल की एक, पांवटा और शिलाई उपमंडल की दो-दो, राजगढ़ और संगड़ाह उपमंडल की तीन-तीन सड़कें बाधित रही। लोक निर्माण विभाग ने इनमें से चार सड़कों को बहाल करवा दिया। बारिश के बाद शनिवार मध्य रात्रि करीब 1:30 बजे भूस्खलन होने से हरिपुरधार कुपवी मार्ग जलशक्ति विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय के पास बंद हो गया। भूस्खलन की चपेट में भवन की सुरक्षा दीवार भी आ गई। इस दौरान सड़क के किनारे पार्क दो वाहन भारी क्षतिग्रस्त हो गए। जबकि एक वाहन को हल्का नुकसान हुआ है। रात के समय सड़क पर वाहनों की आवाजाही न होने से बड़ा हादसा बच गया। रविवार दोपहर 12:30 बजे सड़क को छोटे वाहनों और 2 बजे बड़े वाहनों के लिए खोला गया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। हरिपुरधार से नाहन आने वाली अधिकतर बसें मंदिर के पास फंसी रही। वहीं अन्य वाहन भी दोपहर बाद ही नाहन व अन्य स्थानों के लिए निकल पाए।

# ग्राम भांठागांव में अद्भुत शिव लिंग बंद घड़ी टच करते ही हो जाता है चालू

## चमत्कारी शिव लिंग को देखने उमड़ रही भीड़



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर से लगभग 10 किलो मीटर दूर ग्राम गठुला भेड़ीकला समीप स्थित ग्राम भांठागांव में जमीन फोड़ निकले स्वयं भू-लिंगेश्वर को देखने लोगों की खासी भीड़ उमड़ रही है। प्रत्यक्ष दर्शियों की मानें तो इस स्वयं भू शिव लिंग में नागदेव सर्प आदि लिपटे रहते हैं। अभी नई जानकारी सामने आई कि रिस्ट वाच को इस स्वयं भू शिव लिंग पर रखने से उक्त रिस्ट वाच अपने आप चलने लगता है। मंदिर के पुजारी विजेंद्र साहू ने बताया कि आज से लगभग 10 साल पहले उक्त भगवान स्वयं भू शिव लिंगेश्वर भीषण गर्मी के दिनों में उनके खेत से प्रकट हुआ था। जिसे देखने हजारों की भीड़ उमड़ी थी। पूजा-अर्चना के लिए लोगों का तांता रहा था। उस दिन से भगवान स्वयं भू शिव लिंगेश्वर की नित पूजा- आराधना होती आ रही है। महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां भव्य मेला भरता है।

**भीषण गर्मी के दिनों में खेत से भुंई फोर उपजा था स्वयं भू शिव लिंगेश्वर**

**श्रावण मास में हो रही विशेष पूजा -आराधना**

### कांवर में जल चढ़ाने आते हैं कांवरिए

पुजारी विजेंद्र साहू ने बताया कि श्रावण मास भर यहां भगवान स्वयं भू लिंगेश्वर की पूरी श्रद्धा- भक्ति के साथ पूजा आराधना की जाती है। भक्ति भावना का जोर बना रहता है। श्रावण मास भर कांवरिए नदी सरोवरो से जल लाकर भगवान स्वयं भू लिंगेश्वर में चढ़ाते में और मनो- मुराद पाते हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर में सुबह शाम भगवान स्वयं भू शिव लिंगेश्वर की पूजा - आरती के समय शंख घंटे घड़ियाल की आवाज गूंजती है। दूर-दूर से बड़ी संख्या में भक्त जन भगवान स्वयं भू लिंगेश्वर में लिपटे रहने वाले नाग- सर्पादि का दर्शन करने आते हैं और मनो- मुराद पाते हैं। भगवान स्वयं भू शिव लिंगेश्वर धाम में अशक्त जनों को औषधिया भी उपलब्ध कराई जाती है। श्रावण मास में यहां रोजाना भगवान स्वयं भू लिंगेश्वर का रुद्राभिषेक सहित महामृत्युंजय मंत्र जाप से भाव-भक्ति मय माहौल बना हुआ है। उक्ताशय की जानकारी मंदिर समिति के नरोत्तम साहू द्वारा दी गई।

# धर्मांतरण कर युवक ने किया निकाह, मिठाई बांटने पर हुआ खुलासा, शिकायत दर्ज

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में एक समुदाय विशेष की ओर से मस्जिद में धर्मांतरण कराकर युवती का निकाह करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। यह घटना कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव जहानपुर की है। जानकारी मिलने के बाद कुछ युवकों ने इसकी सूचना डॉयल 112 को दी, जिसके तुरंत बाद लिखित शिकायत दी गई। इस मामले का खुलासा निकाह करने वाले युवक के रिश्तेदार के गांव में मिठाई बांटने के दौरान हुआ। गांव के युवकों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। घटना के बाद से गांव के युवकों ने युवती को लव जिहाद से बचाने के लिए विभिन्न संगठनों से संपर्क साधा। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव जहानपुर में एक लव जिहाद से जुड़े मामले ने उस समय तूल पकड़ लिया। जब गांव के ही शमशेर ने लड्डू बांटे थे। गांव में चर्चा है कि शमशेर के साला का पुत्र सलमान निवासी ग्वालटोली एक अन्य समुदाय की युवती को लेकर आया था और मस्जिद के मौलवी द्वारा उसका धर्मांतरण कर सलमान के साथ निकाह कराया गया है। जानकारी के मुताबिक इसकी खुशी में गांव में मिठाइयां बांटी गई। लव जिहाद की जानकारी होने पर कुछ युवकों ने सूचना डायल 112 को दी। युवक उदित चौहान ने देर रात कोतवाली पहुंचकर घटना की लिखित शिकायत की और वहां का वीडियो भी सोशल मीडिया पर अपलोड किया।

# 3.45 वाली लोकल को 4.15 छोड़ने की मांग, डोंगरगढ़ विकास मंच ने लिखा रेल अधिकारियों व सांसद को पत्र

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** विकास मंच के सचिव व सेवानिवृत्त वन परिक्षेत्र अधिकारी केके वर्मा ने डोंगरगढ़ से रायपुर के लिए प्रात: 3.45 बजे छूटने वाली मेमू ट्रेन क्रमांक 68730 को आधे घंटे पश्चात अर्थात 4.15 बजे छोड़ने की मांग रेल प्रशासन से की है। उन्होंने बताया कि इसके ठीक पहले 3 बजे इतवारी बिलासपुर शिवनाथ एक्सप्रेस 3.36 को इतवारी टाटानगर एक्सप्रेस तथा 3.50 बजे हजरत निजामुद्दीन विशाखापट्टनम समता एक्सप्रेस छूटती है इस प्रकार इन तीन ट्रेनों के बीच बहुत ही कम अंतराल रहता है जबकि समता एक्सप्रेस और डोंगरगढ़ रायपुर मेमू के बीच मात्र 5 मिनट का अंतराल है इसके बाद सुबह 5.50 बजे पुन: डोंगरगढ़ से रायपुर के लिए मेमू क्रमांक 68710 ट्रेन उपलब्ध है। इसलिए डोंगरगढ़ से रायपुर मेमू 687 30 को समता एक्सप्रेस के बाद प्रात: 4.15 बजे छोड़ा जाना उचित होगा उन्होंने बताया कि यह ट्रेन रायपुर पहुंचने के बाद खाली ट्रेन भिलाई मार्शलिंग यार्ड मेंटेनेंस के लिए चली जाती है। इसे 4.15 बजे छोड़ने से इसका अधिकतम लाभ जनता उठा सकेगी साथ ही भिलाई स्टील प्लांट में 6 बजे की सिफ्ट मे ड्यूटी करने वाले कर्मचारी भी बड़ी संख्या में लाभान्वित हो सकेंगे इसलिए इसका 4.15 बजे छोड़ा जाना अत्यंत उचित होगा। रेलवे की आय भी बढ़ेगी और लोगों को सुविधा भी मिलेगी इस आशय का पत्र रेल मंडल प्रबंधक नागपुर तथा राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे को लिखा गया है।जताया सांसद के प्रति आभार............डोंगरगढ़ विकास मंच ने कोरोना काल से बंद पड़ी ट्रेनों को 16 जुलाई से पुन: प्रारंभ करने की पहल का स्वागत करते हुए क्षेत्र के सक्रिय सांसद के प्रति आभार जताया है। डोंगरगढ़ विकास मंच के अध्यक्ष गोपाल खेमुका ने बताया कि इसके लिए विकास मंच ने भी सांसद को पत्र लिखकर यह मांग रखी थी जिस पर सांसद ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया था उन्होंने सांसद से विभिन्न चरणों के स्टॉपेज एवं गोंदिया से छूटने वाली ट्रेनों को डोंगरगढ़ से छोड़ने की मांग के बारे में याद भी दिलाया है साथ ही जबलपुर से रायपुर प्रारंभ होने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के डोंगरगढ़ स्टॉपेज की मांग भी रखी है। डोंगरगढ़ सर्वधर्म समभाव की नगरी है यहां बड़ी संख्या में मां बमलेश्वरी देवी के दर्शनार्थ लोग आते हैं बौद्ध धर्म की प्रज्ञागिरी पहाड़ी तथा जैन धर्म की चंद्रगिरी तीर्थस्थल के साथ साथ अन्य धर्म के धार्मिक स्थल भी यहां पर मौजूद हैं जहां दर्शनार्थी वर्ष पर आते हैं यहां सभी ट्रेनों के स्थापित से आवाजाही बढ़ेगी तथा रेलवे की आय में भी वृद्धि होगी सांसद को इस दिशा में अभिलंब पहल करनी चाहिए।




# भाजपा ग्रामीण मंडल पश्चिम अध्यक्ष मनोज साहू ने की अपने टीम की घोषणा

**राननांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव जी एवं संगठन महामंत्री श्री पवन साय जी की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने आज ग्रामीण मंडल पश्चिम की कार्यकारिणी की घोषणा की है मनोज साहू राजनांदगांव पश्चिम मंडल के अध्यक्ष एवं बलराम निर्मलकर, मोतीलाल देवांगन महामंत्री कृष्णा साहू कोषाध्यक्ष बनाए गए।राजनांदगांव पश्चिम मंडल से अध्यक्ष मनोज साहू उपाध्यक्ष- रमेश चन्द्राकर, मुकेश साहू, श्रीमती पुष्पा उईके, श्रीमती उषा साहू, महामंत्री- बलराम निर्मलकर, मोतीलाल देवांगन, कोषाध्यक्ष- कृष्णा साहू, सह कोषाध्याक्ष- गोविन्द वर्मा, मंत्री- हेमदीप साहू, कोमल टंडन, श्रीमती भगवन्तीन निषाद, श्रीमती अनामिका यादव, मिडिया प्रभारी- डेवल साहू, सह मिडिया प्रभारी- हिपेन्द्र साहू, सोशल मीडिया प्रभारी- राकेश साहू, सह सोशल मीडिया प्रभारी- टुकेश्वर साहू, कार्यालय प्रभारी- गुणीत साहू, सह कार्यालय प्रभारी जितेन्द्र साहू, को बनाया गया है राजनांदगांव पश्चिम मंडल - लाला देवांगन, गुलाब वर्मा, प्रमोद गहने, मिथलेश साहू, चोवा राम साहू, छत्रपाल वर्मा, लोकेश सेन, टोमिन लाउत्रे, निशा साहू, शशि साहू, बसंत निषाद, संतोष साहू, शशिकांत गंजीर, महेश्वर निषाद, विष्णु साहू, उत्तम साहू, तारा साहू, इन्द्रजीत मानिकपुरी, मनीषा साहू, चित्ररेखा ठाकुर, बिसंतिन नेताम, दीपा साहू, ममता ध्रुव, पुर्णिमा साहू, राम गुलाल यादव, पवन यादव, तिलक वर्मा, प्रभा साहू, लता साहू, झामेश्वर साहू प्रेमचंद साहू, दिलीप साहू, कमलेश निषाद, राजेश साहू, गजेन्द्र वर्मा को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है भाजपा जिला महामंत्री सौरभ कोठारी , वरिष्ठ विवेक साहू, अशोक देवांगन , लीलाधर साहू,रोहित चंद्राकर ,देवकुमारी साहू,प्रप्रतिमा चंद्राकर ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को उज्जवल भविष्य की शुभकानाएं देते हुए आने वाले समय में संगठन के कार्यों में जुट जाने का आव्हान किया है।



# तालाब में डूबने से चार बच्चों की मौत, स्कूल से लौटन के बाद गए थे नहाने

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसतरा में शनिवार को तालाब में डूबने से मौत चार बच्चों की मौत हो गई। मृतकों में तीन लड़कियां और एक लड़का शामिल हैं, जिनकी उम्र 5 से 8 वर्ष के बीच थी। इस घटना से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है।

जानकारी के अनुसार, भैंसतरा गांव के चार बच्चे पुष्पांजलि श्रीवास (8), तुषार श्रीवास (5), ख्याति केंवट (6) और अंबिका यादव (6) शनिवार दोपहर 12 से 1 बजे के बीच स्कूल से लौटे। चारों बच्चे घर पर बैग रखकर खाना खाने के बाद खेलने के लिए निकले। इसके बाद वे पास के तालाब में नहाने चले गए। नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने के कारण चारों बच्चे डूब गए।

बच्चे देर तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। तालाब के पास बच्चों के कपड़े मिलने पर अनहोनी की आशंका हुई। परिजनों ने तालाब में तलाशी ली और चारों बच्चों को पानी से बाहर निकाला। उन्हें तुरंत बलौदा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बलौदा पुलिस अस्पताल पहुंची। शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शहीद जवानों की स्मृति में 161 यूनिट रक्त दान किया

## शहीद रितेश वैष्णव की स्मृति में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से दी गई श्रद्धांजलि



**डोंगरगांव( नांदगांव टाइम्स )।** संकल्प जन सेवा समिति देवरी के अध्यक्ष भरत देवांगन ने बताया है कि 12 जुलाई 2009 को ग्राम कोरकोट्टी मदनवाडा क्षेत्र में शहीद हुए पुलिस अधीक्षक व्ही.के. चौबे सहित 29 जवानों में वैष्णव परिवार देवरी से आरक्षक रितेश वैष्णव शहीद हुए थे जिसकी स्मृति में संकल्प जन सेवा समिति और क्षेत्र के ग्रामवासी सुरसुली, नहंदा देवरी, मार्री व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से रक्तदान शिविर,

सड़क सुरक्षा सन्देश, नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, खेल प्रतियोगिता,सम्मान और स्मरण का संयोजनऔर वृहद रूप से वृक्षारोपण किया गया साथ ही देशभक्ति व धार्मिक गीत संगीत एवं नृत्य,आत्मा रक्षक छ.ग पोस्टर का विमोचन पर्यटन स्थल से की गई मांग रक्तदान शिविर शहीदों की स्मृति में 161 यूनिट रक्तदान किया गया सभी रक्तदाता को हेलमेट प्रदान कर सम्मान किया गया. रक्तदान सेटअप बालाजी ब्लड बैंक राजनादगाँव एवं जिला अस्पताल बालोद की टीम. सड़क सुरक्षा का सन्देश देते हुए: बालोद के एस.डी.ओ.पी देवांश सिंह राठौर ने यातायात सड़क सुरक्षा नियम का पालन करने के लिए तथा वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की लोगों को प्रेरित किया , कार्यक्रम में शामिल हुए देवरी थाना प्रभारी दिनेश कुर्रे ने इस समिति द्वारा जन जागरूकता के साथ साथ निशुल्क सेवाएँ स्वास्थ्य, योग, कोचिंग, आत्मरक्षा, फिजिकल कैंप, पुस्तकालय,रोजगार मेला, उद्यमिता,स्किल कोर्स व सभी क्षेत्रों में ग्रामीण आंचलिक विद्याथियों के लिए वरदान साबित हो रहा है.

**नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण : शिविर में 586 लोगो का हुआ स्वास्थ्य जाँच**

निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कार्यक्रम में 586 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण जांच किया गया, शिविर में बी.पी.के 233, शुगर 203, सिकलिंग 75, जनरल चेकअप किया गया इस शिविर में 250 आयुष्मान कार्ड नया व अपडेट 25 जिसमे ब्लाक चिकित्सा विभाग डौंडी लोहारा व नाहंदा देवरी अस्पताल की टीमका सहयोग रहा.

**सम्मान और स्मरण का संयोजन**

यह आयोजन जनसेवा, राष्ट्सेवा, समाजसेवा का संगम शहीद रितेश वैष्णव परिवार से स्वजन विवेक वैष्णव व परमेश्वर वैष्णव सहित सेवानिर्वित जवानों के साथ-साथ संस्था से कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त कर व शासकीय सेवा में कार्यरत संजय देवांगन, रुपेश देवांगन, वरुण ठाकुर, योगेश्वर व गायक नरोत्तम मानिकपूरी एवं समस्त अतिथिओं,एवं,जनप्रतिनिधियों का भी सम्मान किया गया ।

**वृहद स्तर पर वृक्षारोपण हुआ**

पर्यावरण संरक्षण के तहत वृहद स्तर पर खाली मैदान में अतिथियों व समस्त जनप्रतिनिधियों द्वारा नर्मदा धाम सुरसुली में 81 फलदार और छायादार के पेड़ पौधा लगाया गया.

**खेल का आयोजन**

खेल को बढ़ावा देने के लिए खेल प्रतियोगिता : का आयोजन किया गया था जिनमे 100 मीटर दौड़,रिलेरेस 400 व 800 मीटर,रस्साकसी का आयोजन हुआ जिसमे जागृत, खिलेंद्र, डिंपल ,लक्ष्मी यादव, महिमा ग्रुप, रोमा ग्रुप , मिथलेश, राहुल ठाकुर, अमीषा, गायत्री ग्रुप व वेणुसुधा ग्रुप,धनेश्वर,निधि , महेश्वरी सहित सभी विजेता उपविजेता टीम को आकर्षक पुरुस्कार व मैडल से सम्मानित किया गया । आत्मारक्षक शिविर छ.ग पोस्टर का विमोचन : अतिथियों के उपस्तिथि में हुआ जीवन दान सेवा समिति भिलाई टीम से योगेश्वर मानिकपुरी आर्मी रिटायर एवं उनकी टीम द्वारा तैयार किया गया आत्मरक्षक शिविर छ.ग पोस्टर किया गया विमोचन. समाज को दिया सकरात्मक सन्देश अध्यक्ष पर्यटन मंडल छत्तीसगढ़ नीलू शर्मा और चेमन देशमुख भाजपा अध्यक्ष जिला बालोद ने 12 जुलाई 2009 की उस विभिषिका को याद करते हुए कहा की वह दिन छत्तीसगढ़ के इतिहास का काला अध्याय था. जब माओवादियों ने एम्बुश लगाकर बहादूर जवानो को निशाना बनाया. उन्होंने कहा की इस आयोजन ने सामाज को सकरात्मक दिशा दी है

**पर्यटन स्थल की गई मांग :** अध्यक्ष पर्यटन मंडल छत्तीसगढ़ नीलू शर्मा से नर्मदा समिति, संकल्प जन सेवा समिति, ईश्वर देवांगन सरपंच ग्रामपंचायत सुरसुली ने नर्मदा धाम सुरसुली को पर्यटन स्थल बनाने की मांग की गई. मैदान समतलीकरण ,सड़क, जल, भवन व संकल्प जन सेवा समिति के अध्यक्ष भरत देवांगन ने प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु प्रतिदिन नि:शुल्क कोचिंग क्लास के लिए डिजिटल बोर्ड की मांग की . सभी मांग पत्रों को पर्यटन अध्यक्ष,श्री शर्मा . चेमन देशमुख अध्यक्ष भाजपा बालोद ने बहुत जल्दी पूरा करने का आश्वासन दिया. देशभक्ति व धार्मिक गीत संगीत एवं नृत्य: गायक नरोत्तम दास मानिकपूरी ने शिवभक्ति गीत च्चसावन में शिव जी ला मानबो जी च्च्देशभक्ति गीत ज्ज् संदेशे आते है च्च् गीत के साथ संकल्प व आईसेक्ट कंप्यूटर के विद्याथियों ने देशभक्ति गीत नृत्य संगीत से शहीद परिवार को श्रद्धांजलि दी. शहीद श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नीलू शर्मा अध्यक्ष पर्यटन मंडल छ.ग. . चेमन देशमुख भाजपा अध्यक्ष जिला बालोद, एस.डी.ओ.पी. देवांश सिंह राठौर , कांति सोनबरसा जनपद



अध्यक्ष, प्रभा नायक जिला पंचायत सदस्य, दुलारी देवांगन, जनपद सदस्य, टूमन साहू, चित्ररेखा साहू, टीकम निषाद, रुपेश सिन्हा, ईश्वर देवांगन सरपंच , हीना साहू सरपंच मार्री, डोमेन्द्र मांडवी सरपंच देवरी, टीनेश्वर बघेल पूर्व मंडल अध्यक्ष, सुरेश सर्वा मंडल अध्यक्ष, पोषण बनपेला पूर्व उपध्यक्ष जनपद डौंडी लोहारा, गजेन्द्र सिन्हा, अध्यक्ष व्यापारी संघ मार्री देवरी, माधव साहू शिक्षक, यशवंत साहू आर.आई. परदेशी साहू हेड मास्टर,दिनेश वैष्णव, रामलाल नायक हल्बा सामाज अध्यक्ष ब्लाक डोंडी लोहारा, दिनेश कुर्रे थाना प्रभारी देवरी, रमेश सोनवानी , अभिषेक शुक्ला, खिलेश्वरी साहू महिला सेल अध्यक्ष रा.मानव अधिकार, भुनेश्वरी ठाकुर, उत्तम साहू, नरेश साहू, भीखम विनायक, इंदरचंद बाफना , प्रदीप बाफना, सुनील गोलछा, अभिषेक जैन, संतोष जैन, सागर देवांगन सहित समस्त गणमान्य नागरिक उपस्तिथ थे. इस कार्यकम को सफल बनाने में संकल्प जन सेवा समिति व आईसेक्ट कंप्यूटर देवरी के समस्त छात्र छात्राये, समस्त स्टाफ एवं आंचलिक ग्रामवासी ने बहुमूल्य योगदान दिए।

## ट्रक अनियंत्रित होकर घर मे घुसा जिससे किसी प्रकार कोई हानि नही हुई,

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** C4 के सूचना मिलने पर पोलमी गया कालर से संपर्क किया तो बताया कि अनियंत्रित होकर ट्रक जो



है किसान के घर में पलट गया है जिसे गांव वाले लोग बहुत आक्रोशित हो रहे थे तो चालक व ड्राइवर को 112 में बैठकर ले जाया गया वहाँ गांव वालों को किसी प्रकार का नुकसान ना करें करके समझाइए देकर कुकदूर थाना मुंशी जी को सुपुद किया बात पॉइंट वापस आरक्षक क्रमांक 435 राजू चंद्रवंशी चालक नारद साहू का विशेष योगदान रहा,,

## ट्रक के गुप्त चैंबर से 120 किलो गांजा बरामद

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कबीरधाम पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध एक और बड़ी कार्यवाही करते हुए ट्रक में विशेष गुप्त चैंबर बनाकर गांजा ले जा रहे दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ट्रक



क्रमांक ऋछ्व 14 त्रत्र 9595 में उड़ीसा से कोटा (राजस्थान) की ओर भारी मात्रा में गांजा तस्करी की जा रही है। त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए थाना चिल्फी पुलिस ने घेराबंदी कर ट्रक को रोका और बारीकी से जांच की। ट्रक के केबिन और ट्रॉली के बीच अत्यंत पेशेवर तरीके से तैयार किए गए विशेष गुप्त चैंबर से कुल 115 पैकेट में रखा गया करीब 120 किलो अवैध गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी: 1. अकरम खान पिता बशीट खान, उम्र 37 वर्ष, निवासी - हरनावदा पिया, थाना - पिड़ावा, जिला - झालावाड़ (राजस्थान), 2. पप्पु सिंग पिता हरी सिंग, उम्र 32 वर्ष, निवासी -हरनावदा पिया, थाना ङ्क पिड़ावा, जिला - झालावाड़ (राजस्थान)

## यादगार लम्हें कायस्थ समाज राजनांदगांव ने चार होनहार प्रतिभाओं का किया सम्मान

### दार्जिलिंग और मलेशिया में शानदार उपलब्धियां, नगर और समाज का बढ़ाया मान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** यादगार लम्हें कायस्थ समाज राजनांदगांव द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समाज की चार प्रतिभाओं-गरिमा, शताक्षी, सारण्य और अचिंत्य का विशेष सम्मान किया गया। इन विद्यार्थियों ने हाल ही में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन कर न सिर्फराजनांदगांव, बल्कि पूरे समाज और देश का नाम रोशन किया है।उल्लेखनीय है कि उक्त चारों ने दार्जिलिंग में आयोजित ऑल इंडिया नेशनल डांस, म्यूजिक, फाइन आर्ट कॉम्पिटिशन एंड फेस्टिवल में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रस्तुति दी और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता कथक रॉकर्स संस्था द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर के प्रतिभागियों ने भाग लिया। राजनांदगांव के इन बच्चों ने अपनी कला और प्रतिभा से निर्णायक मंडल के साथ-साथ दर्शकों को भी प्रभावित किया।इसके अलावा मलेशिया में



आयोजित अंतरराष्ट्रीय अबेकस प्रतियोगिता में अचिंत्य ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इस बड़ी उपलब्धि ने भारत के साथ ही राजनांदगांव और कायस्थ समाज का भी नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में इन बच्चों ने गणितीय कौशल, तेज गति और सटीकता का शानदार प्रदर्शन किया। इन सफलताओं के उपलक्ष्य में यादगार लम्हें कस्यथ समाज ने एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान गरिमा, शताक्षी, सारण्य और अचिंत्य को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, गणमान्य नागरिक, परिजन और नगर के अनेक प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि ये बच्चे समाज और नगर की धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि इनकी मेहनत, लगन और समर्पण आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कास्यथ समाज हमेशा से शिक्षा, कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें मंच प्रदान करने का प्रयास समाज लगातार करता रहेगा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बच्चों की यह सफलता उनके माता-पिता, शिक्षकों और प्रशिक्षकों की कड़ी मेहनत का भी परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में ये बच्चे और भी बड़े मंचों पर सफलता प्राप्त कर राजनांदगांव और समाज का नाम रौशन करेंगे। जिसमें प्रमुख रूप से यादगार लम्हे के सदस्य सुश्री उषा दीदी, श्रीमती पुष्पा श्रीवास्तव, श्रीमती शशि बाला श्रीवास्तव, शोभा श्रीवास्तव, श्रीमती डॉक्टर नीलू श्रीवास्तव, श्रीमती मधुबाला श्रीवास्तव, श्रीमती ऋतु रायजादा, श्रीमती लीना श्रीवास्तव, श्रीमती शैली श्रीवास्तव, श्रीमती हेमलता श्रीवास्तव, श्रीमती जया श्रीवास्तव, श्रीमती अमित श्रीवास्तव, श्रीमती संजना श्रीवास्तव, श्रीमती कुमुदिनी श्रीवास्तव एवं समस्त सदस्य की मौजूदगी में इस सम्मान समारोह आयोजन किया गया।

## स्वच्छता में जनता की भागीदारी, उपमुख्यमंत्री की अगुवाई में दर्री तालाब बना प्रेरणा का केन्द्र

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री



विजय शर्मा ने रविवार की सुबह कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के दर्री तालाब में पहुंचकर श्रमदान किया और प्रदेशवासियों को स्वच्छता का प्रेरक संदेश दिया। उपमुख्यमंत्री शर्मा के साथ नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चन्द्रवंशी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भी इस स्वच्छता अभियान में सहभागिता की। उपमुख्यंत्री श्री शर्मा के श्रमदान में पालिका के दूसरे वार्डो के पार्षदों और गणमान्य नागरिकों ने भी अपना हाथ बढ़ाया। जैसे ही उपमुख्यमंत्री शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रवंशी सफाई कार्य के लिए दर्री तालाब पहुँचे, स्थानीय वार्डवासियों में उत्साह की लहर दौड़ गई। देखते

### जोशीलमती सेक्टर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान वृक्षारोपण किया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला भाजपा के निर्देशानुसार गैंदाटोला मंडल के जोशीलमती सेक्टर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत जोशीलमती विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना है एक पेड़ माँ के नाम एक प्रयास है ।

# भोरमदेव पदयात्रा को लेकर कवर्धा तैयार

### श्रद्धा, सेवा और संस्कृति की झलक दिखाएगी भोरमदेव पदयात्रा, जनभागीदारी, सेवा और श्रद्धा का संगम बनेगा भोरमदेव पदयात्रा

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कवर्धा- नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी ने नगर पालिका सभाकक्ष में एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें 14 जुलाई को भोरमदेव पदयात्रा की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में नगर के वरिष्ठ नागरिक, जिम संचालक, फिटनेस ट्रेनर, तथा खेल जगत से जुड़े प्रमुख लोग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अध्यक्ष चंद्रवंशी ने कहा कि भोरमदेव पदयात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा



नहीं, बल्कि जनभागीदारी और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक नागरिकों को इस पदयात्रा में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं, स्वास्थ्य प्रेमियों और खिलाड़ियों से अनुरोध किया कि वे इस आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि पदयात्रा न केवल आध्यात्मिक, बल्कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का संदेश भी समाज में फैला सके।

## अचिंत्य श्रीवास्तव ने अबेकस प्रतियोगिता में मारी बाजी

### मलेशिया में भारत का लहराया परचम, समाज एवं नगर को गौरवान्वित किया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत के लिए एक और गौरवपूर्ण क्षण सामने आया है। राजनांदगांव के होनहार छात्र अचिंत्य श्रीवास्तव ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए अबेकस प्रतियोगिता 2024-25 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता मलेशिया में आयोजित की गई थी, जिसमें दुनिया भर के सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया। अचिंत्य की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने न केवल उनके माता-पिता और शिक्षकों का सर गर्व से ऊंचा कर दिया है, बल्कि पूरे समाज एवं नगर को भी गौरवान्वित किया है।अबेकस प्रतियोगिता में मानसिक गणना की तीव्रता, सटीकता और एकाग्रता की परीक्षा होती है। इसमें बच्चों को जटिल गणनाओं को बहुत ही कम समय में हल करना होता है, वह भी बिना किसी कैलकुलेटर या अन्य सहायक उपकरणों के। अचिंत्य ने अपनी विलक्षण प्रतिभा और कठिन परिश्रम के बल पर इस चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित किया, जिससे भारत का नाम वैश्विक स्तर पर रोशन हुआ।



अचिंत्य की सफलता के पीछे उनके निरंतर अभ्यास, मार्गदर्शकों की मेहनत और माता-पिता का सहयोग प्रमुख रहा है। अचिंत्य के अबेकस प्रशिक्षक ने बताया कि वह शुरू से ही गणित में गहरी रुचि रखते थे और छोटी उम्र से ही मानसिक गणना में असाधारण क्षमता दिखा रहे थे। लगातार अभ्यास और अनुशासन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। मलेशिया में आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के प्रतिभागियों के बीच प्रतिस्पर्धा काफी कठिन थी, लेकिन अचिंत्य ने आत्मविश्वास, अनुशासन और अपने कौशल के दम पर सभी चरणों को पार करते हुए अंतिम राउंड में जबरदस्त प्रदर्शन किया। उनकी गति और गणना की सटीकता ने निर्णायकों को भी प्रभावित कर दिया। इस उपलब्धि पर अचिंत्य के परिवार में हर्ष का माहौल है। उनके पिता ने मीडिया से बातचीत में कहा, हमें गर्व है कि हमारे बेटे ने देश और शहर का नाम रोशन किया। उसकी मेहनत रंग लाई और आज वह वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व कर सका। नगर के शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संस्थाओं ने अचिंत्य को बधाइयां दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कई स्कूलों और कोचिंग संस्थानों ने इस सफलता को प्रेरणादायक बताते हुए अन्य छात्रों को भी ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। यह उपलब्धि केवल अचिंत्य की नहीं है, बल्कि यह संकेत है कि यदि सही मार्गदर्शन, मेहनत और आत्मविश्वास हो, तो भारत का युवा वैश्विक मंचों पर किसी भी क्षेत्र में शीर्ष स्थान हासिल कर सकता है। अचिंत्य श्रीवास्तव की यह सफलता निश्चित ही आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मिसाल बनकर उभरेगी।


### सप्ताह के सितारे (14 जुलाई 2025)

## दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 2- 3- 9 - 0 | 23-32-29-92-39-93 |
| मंगल | 1- 5 - 7 - 9 | 57-75-59-95-79-97 |
| बुध | 2 - 4 - 5 - 7 | 24-42-27-72-47-74 |
| गुरू | 1- 4 - 8 - 9 | 48-84-49-94-89-98 |
| शुक्र | 2 - 3 - 4 - 8 | 29-92-34-43-78-87 |
| शनि | 3 - 5 - 6- 0 | 67-76-12-21-09-09 |

अंकों का बादशाह -9 सप्ताह में अचूक 1 - 5 - 6 - 0

सप्ताह का वरदान -7 स्पेशल - 52- 65 -78 -08

सप्ताह में देखे

(1) 11 - 15 - 16 - 10 (6) 61 - 65 - 66- 60
(2) 21 - 25 - 26 - 20 (7) 71 - 75 - 76 - 70
(3) 31 - 35 - 36 - 30 (8) 81 - 85 - 86 - 80
(4) 41 - 45 - 46 - 40 (9) 91 - 95 - 96 - 90
(5) 51 - 55 - 56 - 50 (10) 01 - 05 - 06 - 00

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 11-89-40-76-44-75 | 89-87-16-47-46 |
| 07-42-48-33-72-34 | 07-10-52-60-13 |
| 53-81-81-48-31-64 | 41-45-18-29-04 |
| 06-14-02-15-89-75 | 98-43-25-10-87 |
| 81-88-88-41-48-77 | 73-59-19-46-86 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 20250709210008अ/6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक परविंदर सिंह भाटिया उम्र 46 वर्ष पिता गुरबचन सिंह भाटिया जाति सिक्ख निवासी बुधवारी पारा वार्ड नं. 13 डोंगरगढ़ पोस्ट थाना तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ0ग0) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि अनावेदक के एकल स्वामित्व एवं आधिपत्य में नजूल शहर भगत सिंह वार्ड नं. 19 डोंगरगढ़ सरल कमांक 4 हाई स्कूल के पशु चिकित्सालय से नगरपालिका सीमा डोंगरगढ़ के अंतर्गत स्थित पंजीयन क्षेत्र डोंगरगढ़ विकास खण्ड तहसील डोंगरगढ जिला राजनांदगांव (छ0ग0) शीट कमांक 2 भूखण्ड कमांक 419/2 क्षेत्रफल 1100 वर्गफीट 102.19 वर्गमीटर बिना लगानी स्थित है। उक्त भूमि को अनावेदक हरमिन्दर सिंह के द्वारा आवेदक अपने भाई परविंदर सिंह भाटिया के पक्ष में उक्त भूमि का पंजीयत दान पत्र विलेख दिनांक 02.06.2025 उप पंजीयक कार्यालय डोंगरगढ में निष्पादित कर उक्त दान शुदा भूमि का कब्जा अनावेदक द्वारा आवेदक को सौप दिया है। अब उक्त भूमि मे अनावेदक का कोई हक अधिकार नहीं है। उक्त पंजीयत दान पत्र के अधिकार से आवेदक उक्त भूमि का भूमि स्वामी व आधिपत्य धारी है। राजस्व अभिलेख से उक्त पंजीयत दान पत्र शुदा भूमि से अनावेदक का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम इन्द्राज किया जाना आवश्यक है। अतः नजूल शहर भगत सिंह वार्ड नंबर 19 डोंगरगढ़ में स्थित उक्त भूमि शीट क्रमांक 02 भूखण्ड क्रमांक 419/2 क्षेत्रफल 1100 वर्गफीट 102.19 वर्गमीटर बिना लगानी के राजस्व अभिलेख से दानदाता हरमिन्दर सिंह का नाम विलोपित किया जाकर दानग्रहिता परविन्दर सिंह भाटिया के नाम पर नामांतरण किया जाकर राजस्व अभिलेख दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है। अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 30/07/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 10/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलय की मुहर से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202507092100017 अ/6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक पलाश पौनीकर पिता सुरेश पौनीकर जाति महार, निवासी पोटरखोली, वार्ड नंबर 6, डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदिका ने पंजीकृत विक्रयपत्र के माध्यम से गणेश वार्ड नंबर 10, डोंगरगढ़ स्थित शीट क्रमांक 07, भूखण्ड क्रमांक 2149/5 बी क्षेत्रफल 750 वर्गफुट भूमि को विक्रेता दीपक चंदाराणा पिता सतीश कुमार जाति गुजराती निवासी भगतसिंह चौक वार्ड नंबर 19 डोंगरगढ़ वालो से क्रय किया है। आवेदक के पक्ष में उक्त भूमि का नामांतरण नही हो पाया है। उक्त भूमि का आवेदक के पक्ष में नामांतरण किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ तलवाना, विक्रयपत्र की छायाप्रति पेश किया गया है। अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 30/07/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 10/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलय की मुहर से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.

## ज्ञान मंथन

*1) टेली-मैनस पहल किस क्षेत्र से संबंधित है?*
*2) कूजी बीच, जो रहस्यमय मलबे की खोज के कारण खबरों में था, किस देश में स्थित है?*
*3) फ्लेग्रियन फील्ड्स किस देश में स्थित एक सक्रिय ज्वालामुखीय क्षेत्र है?*
*4) हर साल महापरिनिर्वाण दिवस किस दिन मनाया जाता है?*
*5) 2024 के एशियाई ईस्पोर्ट्स खेलों में बैंकॉक में ईफुटबॉल में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी कौन हैं?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) मानसिक स्वास्थ्य (2) ऑस्ट्रेलिया (3) इटली (4) 6 दिसंबर (5) पवन कंपेली

# गैर नोटिस/व्यवस्थापन गरीबों का रोजगार उजाड़ रहे जिला प्रशासन व नगर निगम, रसूखदारों पर कार्यवाही करने की इनमें हिम्मत नहीं - हफीज खान

### वरिष्ठ पार्षद नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व नेता प्रतिपक्ष हफीज खान ने कहा कि बरसात में तो पक्षियों के घोंसलों को भी नहीं हटाया जाता

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम राजनांदगांव के अतिक्रमण पर चल रही बुलडोजर कार्यवाही पर नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ पार्षद हफीज खान ने जारी बयान में कहा है कि बिना किसी नोटिस या पूर्व सूचना बिना व्यवस्थापन के इस तरीके से भरी बारिश में गरीबों के रोजी रोटी के साधन पर बेरहमी से बुलडोजर चलाना बेहद अमानवीय है, उन्होंने यह भी कहा कि बरसात में तो पक्षीयों का घोंसला भी नहीं हटाया जाता है और यहां बिना किसी पूर्व नोटिस इत्यादि के गरीब मजबूर लोगों की दुकानों में तोड़ फोड़ की जा रही है, गौरतलब है कि पूरे शहर में कई ऐसी जगह हैं जहां बड़े बड़े रसूखदारों द्वारा व भाजपा से जुड़े लोगों द्वारा मनमाने अतिक्रमण किया गया है ढेरों बड़ी बड़ी दुकानें अस्पताल बिना पार्किंग चल रहे हैं उसपर चुप्पी साध कर केवल गरीबों की दुकानें तोड़ कर अपनी पीठ थपथपाने का काम और मीडिया की सुर्खियों में आने का कुंठित प्रयास नगर निगम राजनांदगांव द्वारा किया जा रहा है ।



श्री खान ने जिला प्रशासन व नगर निगम पर निशाना साधते हुए कहा कि यह कार्यवाही गरीब विरोधी है और निगम के भाजपा नेताओं का मौन उनकी सहमति दर्शाता है, जनता से उनके विकास के लिए उन्हें संपन्न बनाने वोट मांग कर सत्ता में आई भाजपा आज अपना असली रंग दिखा रही है छत्तीसगढ़ को भी उत्तर प्रदेश-बिहार बनाने और वर्ग संघर्ष की स्थिति उत्पन्न करने की ओर अग्रसर हो चुकी है, शहर में बड़े बड़े रसूखदारों द्वारा मनमाने तरीके से अतिक्रमण किया गया है ज्यादातर जगहों पर पार्किंग है ही नहीं बिना पार्किंग अवैध अतिक्रमण किए हुए अस्पताल संचालित हो रहे हैं बड़ी बड़ी शॉपिंग मॉल जैसी दुकानें बिना पार्किंग सामने अतिक्रमण की हुई हैं लेकिन मजाल है निगम की या भाजपा नेताओं की इनपर कार्यवाही करने की सोच भी सकें, ये केवल गरीबों पर ताकत दिखाते हैं और धन्ना सेठों के सामने सरेंडर हो जाते हैं क्योंकि उन्हीं के टुकड़ों पर चंदा चकोरी इत्यादि पर ही इनकी पार्टी चल रही है, निगम में ही भाजपा से जुड़े लोगों के बड़े बड़े भ्रष्टाचार लगातार सामने आ रहे हैं लेकिन उसपर कार्यवाही करने की निगम की हैसियत नहीं है वे केवल गरीबों का घर उजाड़ सकते हैं और भ्रष्टाचार कर सकते हैं इसके अलावा कुछ नहीं कर सकते और अगर इसी प्रकार का रवैया अगर नगर निगम का रहा तो जल्द ही बड़ा आंदोलन होगा ।

## जिला पंचायत सीईओ ने शासन की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों सहित अन्य विषयों पर विस्तृत समीक्षा की

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में वीडियो




कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों सहित अन्य विषयों पर विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला एवं जनपद पंचायत के अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि भारत सरकार के केन्द्रीय निगरानी समिति के अधिकारियों की टीम द्वारा जिले का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को केन्द्रीय योजनाओं से संबंधित जानकारी अद्यतन करने तथा आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य अमलों द्वारा आयुष्मान वयवंदन योजना अंतर्गत 70 वर्ष एवं 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रगति पर संतोष जाहिर किया। सीईओ जिला पंचायत ने विनोबा एप अंतर्गत सौंपे गए कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव, कुपोषण की रोकथाम, एनिमिया के बचाव के लिए पंजीयन की कार्रवाई शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिले के सभी ग्रामों में प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार का आयोजन करने के निर्देश दिए। इस दौरान श्रमदान करते हुए ग्राम की साफ-सफाई, स्वच्छता रैली, दीवार लेखन, शपथ ग्रहण, स्कूल में प्रतियोगिताएं एवं अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित करने कहा। इन कार्यक्रमों में ग्राम पंचायत, स्व-सहायता समूह, युवा क्लब, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, विद्यार्थी और ग्रामीणों को शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 अंतर्गत खुले में शौच मुक्त ग्रामों की स्थिति, अपशिष्ट प्रबंधन, सहभागिता और स्थायी ढांचे जैसे मापदंडों पर गांवों का मूल्यांकन किया जाएगा। साथ ही सिटीजन फीडबैक भी एक अहम बिंदु होगा। जिसके लिए ग्रामीणों को मोबाइल एप के माध्यम से सुझाव देने के लिए प्रेरित करने कहा। गांव-गांव में बैनर, पोस्टर, ऑडियो संदेश, नुक्कड़ नाटक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रचार एवं जागरूक करने के निर्देश दिए।

# ध्रुव गांधी की शैक्षणिक उपलब्धि पर गर्वित हुआ क्षेत्र

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पत्रकारिता एवं जनसंचार के क्षेत्र में अध्ययनरत छात्रों के लिए एक प्रेरणास्पद उदाहरण बने हैं ध्रुव गांधी, जो शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के तृतीय वर्ष के छात्र हैं।

उल्लेखनीय है कि ध्रुव ने अब तक आयोजित हुई चारों राज्य स्तरीय सेमेस्टर परीक्षाओं में लगातार प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना शैक्षणिक वर्चस्व सिद्ध किया है। ध्रुव की यह उपलब्धि न केवल संस्थान के लिए गौरव का विषय है, बल्कि समूचे जिले में अकादमिक उत्कृष्टता और नैतिक मूल्य-आधारित शिक्षा के प्रति एक सशक्त संदेश भी देती है। उनकी सफलता के मूल में परिश्रम, अनुशासन और पारिवारिक संस्कारों का सम्यक् संतुलन



विद्यमान है। विशेष उल्लेख उनके पिता श्री गांधी का किया जाना आवश्यक है, जो प्रतिदिन उन्हें न केवल शैक्षणिक विषयों में, अपितु जीवन के आदर्श मूल्यों पर भी मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। यह संवाद उन्हें एक सजग छात्र ही नहीं, एक उत्तरदायी नागरिक बनने की दिशा में सतत प्रेरित करता है। ध्रुव का यह भी कहना है कि उनके दादा, पिता तथा परिवार के वरिष्ठजन, बड़े पापा दिनेश गांधी, जिनका नाम क्षेत्र की राजनीति में एक प्रतिष्ठित स्थान रखता है, सदैव उनके लिए मार्गदर्शक स्तंभ रहे हैं। वे कहते हैं, च्मेरे बड़े पापा ने जिस तरह अपने कार्यों से परिवार के नाम को सम्मानित किया है, वही मेरे लिए प्रेरणा है — कि मैं भी शिक्षा और चरित्र के माध्यम से अपने परिवार का नाम ऊँचा रख सकूं और अपने माता-पिता को गर्व की अनुभूति करा सकूं। ध्रुव मानते हैं कि जीवन में सफलता केवल अंकों की उपलब्धि नहीं है, अपितु चरित्र, विवेकशीलता और सामाजिक चेतना की भी उतनी ही आवश्यकता है। वर्तमान में ध्रुव गांधी पत्रकारिता की बारीकियों को व्यवहारिक स्तर पर सीखने हेतु प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और उनका लक्ष्य एक ऐसे पत्रकार बनना है जो सत्य, समाज और संवेदना के मूल्यों पर आधारित पत्रकारिता कर सके।

## जिला पंचायत सीईओ ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारी का लिया जायजा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण अंतर्गत आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 को ध्यान में रखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों, स्वच्छग्राही



कार्यकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों से भी चर्चा की। उन्होंने सभी से मोबाइल एप के माध्यम से अधिक से अधिक फीडबैक दर्ज कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक दायित्व है। यदि प्रत्येक ग्रामीण अपनी जिम्मेदारी समझे और स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना ले, तो निश्चित रूप से हमारा जिला सर्वेक्षण में अग्रणी स्थान प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में स्वच्छता सर्वेक्षण में फील्ड विजिट, सामुदायिक सहभागिता और डिजिटल फीडबैक को प्रमुख रूप से आंका जाएगा, इसलिए सभी पंचायतों को हर स्तर पर सजग और सक्रिय रहना होगा। निरीक्षण के दौरान विभिन्न ग्रामों में सड़क किनारे विभिन्न स्थानों पर गंदगी पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की और संबंधित जनपद पंचायत सीईओ को तत्काल प्रभाव से साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्राम पंचायत रेंगाकठेरा में कचरा संग्रहण की उचित व्यवस्था नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों को

# भाजपा ने की 2 मंडलों की कार्यकारिणी की घोषणा

**जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने 2 मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव जी एवं संगठन महामंत्री श्री पवन साय जी की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने आज अंतिम दो मंडलों की कार्यकारिणी घोषित की है। सुमीत सिंह भाटिया राजनांदगांव उत्तर मंडल के अध्यक्ष एवं चंद्रभान जंघेल विनोद भारती महामंत्री नरेंद्र हंसा कोषाध्यक्ष बनाए गए। राजनांदगांव उत्तर मंडल से अध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया उपाध्यक्ष. मदन यादव हेतल भोजनी सज्जन सिंह ठाकुर श्रीमती शालू वर्मा महामंत्री. चंद्रभान जंघेल विनोद भारती कोषाध्यक्ष. नरेन्द्र हंसाए सह कोषाध्यक्ष. नरेश कोचरे प्रमोद साहूए मंत्री. संजय रात्रे श्रीमती सरिता यादव श्रीमती नेहा शर्माए सुश्री रानू मेश्राम कार्यालय मंत्री. मनोहर साहू सह कार्यालय मंत्री श्रीमती प्रेमा सोनकर मनीष श्रीवास्तव मिडिया प्रभारी कबीर साहू अंकित गढ़वाल सोशल मीडिया प्रभारी कमल सिंह धुर्वे सह सोशल मीडिया प्रभारी अशोक सिन्हा को बनाया गया है। प्रशांत गोलू गुप्ता राजनांदगांव दक्षिण मंडल के अध्यक्ष एवं अशोकादित्य श्रीवास्तव बलवंत साव महामंत्री दामू भूतडा कोषाध्यक्ष बनाए गए। राजनांदगांव दक्षिण मंडल से अध्यक्ष प्रशांत गोलू गुप्ता उपाध्यक्ष. गितेश गुप्ता प्रकाश मारकण्डेय श्रीमती भानू साहूए रवि साहूए महामंत्री. अशोकादित्य श्रीवास्तव बलवंत साव कोषाध्यक्ष दामू भूतडा सह कोषाध्यक्ष राकेश यादव मनोज यादव मंत्री प्रवीण शुक्ला श्रीमती रेवती साहूए श्रीमती देवकी देवांगन श्रीमती रश्मि साहूए कार्यालय मंत्री सुरेश साहूए सह कार्यालय मंत्री राज सोनकर डिम्पल सेन मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रेकर सह मीडिया प्रभारी रोहित अवचट सोशल मीडिया प्रभारी चेतन यादव सह सोशल मीडिया प्रभारी नरेश सारथी को बनाया गया है। भाजपा जिला महामंत्री राजेन्द्र गोलछाए रविन्द्र वैष्णव एवं सौरभ कोठारी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को उज्जवल भविष्य की शुभकानाएं देते हुए आने वाले समय में संगठन के कार्यों में जुट जाने का आह्वान किया है।

# मंडल भाजपा छुरिया की कार्यकारिणी घोषित

### कामता साहू मंडल अध्यक्ष ,शेखर भारद्वाज एवं अशोक मरकाम को मिली महामंत्री की जिम्मेदारी

**छुरिया।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत महामंत्री सौरभ कोठारी के द्वारा मंडल भाजपा छुरिया की कार्यकारिणी घोषित किया गया। जिसमें छुरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू (डुमरडीह)



उपाध्यक्ष नैनसिंह पटेल (हालेकोसा) हितेश गुप्ता (बखरूटोला ),खिलेंद्र साहू (नागरकोहरा ) श्रीमती भानबाई चंद्रवंशी (केशोटोला ) महामंत्री शेखर भारद्वाज (कल्लूटोला ) अशोक मरकाम (पिनकापार ) मंत्री राजकुमार सिन्हा (पाटेकोहरा ) श्रीमती सुकून बाई बडोले ( शिकारीमाहका )श्रीमती प्रभा पवार( बैरागीभेड़ी ) श्रीमती भारती रजक (छुरिया) कोषाध्यक्ष शिवा मिश्रा ( ब्राह्मणी चारभाठा ) सोहन साहू सह कोषाध्यक्ष ( भोलापुर ) शिशुपाल साहू मीडिया प्रभारी (भोलापुर ) कुश कुंभकार सह मिडिया प्रभारी (छुरिया ) मोनेश साहू सोशल मीडिया प्रभारी ( पैरीटोला ) विनोद यादव सहायक सोशल मीडिया प्रभारी (पिनकापार ) खिलेश कुमार साहू कार्यालय प्रभारी (छुरिया) एवं आनंद शुक्ला सह.कार्यालय प्रभारी (सड़क चिरचारी ) को जिम्मेदारी सौंप गई है । इसके अलावा मंडल कार्यकारिणी सदस्य के लिए देवदास साहू, श्रीमती हीरमोतीन साहू , श्रीमती मालती बाई ऊईके, लेखराम निर्मलकर ,श्रीमती रेखा बाई गंधर्व ,श्यामसुंदर साहू, शांताराम पंजारे, प्रीतम साहू ,भारत साहू, चंद्रशेखर बांधे , महेश साहू ,यादवदास वैष्णव ,श्रीमती अंजू बाई धनकर , शेखर साहू , विक्रांत श्रीवास्तव , मनोज साहू , धन्नालाल यादव , पदमभूषण साहू ,स्वप्निलन पटेल , श्रीमती द्रौपदी उईके , सुश्री लक्ष्मी यादव ,श्रीमती दूलेश्वरी चंद्रवंशी , श्रीमती आरती नेताम, श्रीमती ईंगला बाई कतलाम , श्रीमती मीना पुजेरी ,श्रीमती आशाबाई कोर्राम ,टीकम प्रसाद पाण्डेय , उभेराम मंडावी ,श्रीमती राधिका बाई चंद्रवंशी , मुकुंद चंद्रवंशी , गुरचरण कतलाम , महेश चंद्रवंशी ,तिलक साहू ,इठोवा चौहान , मोहन साहू ,संतोष सिंन्हा , बाबूलाल पड़ोती ,भानसिंह चंद्रवंशी ,श्रीमती त्रिवेणी कुंभकार , श्रीमती उत्तराबाई निषाद ,श्रीमती सुनीता सेवता , टोमेश कुंभकार , श्रीमती सलूजा कोमरे , श्रीमती गौरी सिन्हा , श्रीमती ललिता कुंभकार , श्रीमती चुनिया बाई , श्रीमती बिंदु साहू , दानेश्वर मंडावी, फूलचंद ठाकुर , सोहन कुंजाम , सुनील कसेर , रोहित सिंन्हा ,आमिर खान, चेतन साहू ,सलमान खान, शत्रुहण चंद्रवंशी एवं धर्मवीर चंद्रवंशी को मंडल कार्यकारणीय सदस्य के रूप में शामिल किया गया। भाजपा मंडल छुरिया के सभी मंडल पदाधिकारी को जिला भाजपा अध्यक्ष कमल सिंह राजपूत, महामंत्री सौरभ कोठारी ,महामंत्री रविंद्र वैष्णव ,महामंत्र राजेंद्र गोलछा ,जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डडसेना ,एम.डी.ठाकुर उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा रायपुर, श्रीमती किरण वैष्णव अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव , श्रीमती गीताघासी साहू पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत राजनंदगांव ,संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया , अजय पटेल अध्यक्ष नगर पंचायत छुरिया , प्रसांत ठाकुर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, भुषण नेताम उपाध्यक्ष नगर पंचायत छुरिया , सुरेन्दर सिंह भाटिया,राधेश्याम शर्मा,जगजीत सिंह भाटिया, सहित वरिष्ठ नेताओं ने शुभकामनाएं प्रेषित किया है ।

## धर्म समाचार....

# सावन सोमवार में रुद्राभिषेक से बदल सकता है आपका भाग्य, जानें विधि और महत्व

सावन का महीना भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने के लिए शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस माह में रुद्राभिषेक करने से शिव जी प्रसन्न होते हैं और सभी मुरादें पूरी होती हैं। ऐसे में आइए ऐस्ट्रॉलजर दिव्या गौतम से जानते हैं रुद्राभिषेक की संपूर्ण जानकारी।

**सावन सोमवार में रुद्राभिषेक का धार्मिक महत्व**

दिव्या गौतम, एस्ट्रोपत्री। च्श्रावण मासज्ज् वह दिव्य कालखंड जब संपूर्ण सृष्टि शिवमय हो जाती है। वर्षा की हर बूंद मानो गंगाजल बनकर शिवलिंग पर अर्पित होती है और चारों दिशाओं में ? नम: शिवाय की गूंज होती है।

यह महीना केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, आत्मसमर्पण और शिवभक्ति की एक गहन अनुभूति है। इस मास में रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है, जो भगवान शिव को प्रसन्न करने का अत्यंत प्रभावशाली और शुभ माना जाता है। ऐसे में आइए इस लेख में जानते हैं रुद्राभिषेक के श्रेष्ठ दिन, महत्व और विधि आदि जानकारी।

**सावन 2025 में रुद्राभिषेक के श्रेष्ठ**




**दिन** 14 जुलाई 2025- पहला सावन सोमवार 21 जुलाई 2025- दूसरा सावन सोमवार 28 जुलाई 2025- तीसरा सावन सोमवार 4 अगस्त 2025- चौथा सावन सोमवार

**सावन मास में रुद्राभिषेक का महत्व**

रुद्राभिषेक का अर्थ है भगवान शिव के रौद्र रूप का विधिपूर्वक अभिषेक करना, जिसमें जल, दूध, शहद, घी, गंगाजल से पंचामृत बनाकर शिवलिंग को स्नान कराया जाता है। यह केवल एक पूजा विधि नहीं, बल्कि शिव से जुड़ने की एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है।

शिवपुराण में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि-

श्रावण मासे विशेषेण य: कुर्याद्रुद्रपूजनम्। सर्वपापविनिर्मुक्त: शिवलोके महीयते॥

**अर्थ**- जो भक्त सावन मास में विशेष रूप से रुद्राभिषेक करता है, वह समस्त पापों से मुक्त होकर शिवलोक में वास करता है।

सोमवार जो कि चंद्रदेव का दिन है और चंद्रमा स्वयं भगवान शिव के मस्तक पर विराजमान हैं। इसलिए यह दिन शिव उपासना के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। सावन के सोमवार इसलिए प्रभावशाली होते हैं क्योंकि इस ऋतु में सूर्य का प्रभाव कम और चंद्र का प्रभाव अधिक होता है। चंद्रमा मन के स्वामी हैं, और यही समय मानसिक शुद्धि, भावनात्मक संतुलन और आत्मिक उन्नति के लिए सर्वोत्तम माना गया है। इस दिन श्रद्धापूर्वक किया गया रुद्राभिषेक मन के विकारों को शांत करता है, भक्ति भाव को जाग्रत करता है और भगवान शिव की कृपा शीघ्र प्राप्त होती है।

ग्रह दोषों में विशेषकर चंद्र, राहु, केतु और शनि से संबंधित पीड़ाओं की शांति के लिए सावन सोमवार को किया गया रुद्राभिषेक अत्यंत लाभकारी होता है।

कालसर्प योग, जो अनिश्चितता, भय और जीवन में अवरोध का कारण बनता है उसके निवारण के लिए भी सावन में महामृत्युंजय जाप सहित रुद्राभिषेक श्रेष्ठ उपाय बताया गया है।

## आखिर क्यों कंधे पर रखा जाता है कांवड़? लंकापति रावण से जुड़ा है रहस्य

सावन का महीना भगवान शिव की पूजा का महापर्व है। इस दौरान भक्त पवित्र नदियों से जल भरकर शिवलिंग पर चढ़ाते हैं। इस यात्रा को कांवड़ यात्रा कहा जाता है जिसमें कांवड़ को कंधे पर रखना महत्वपूर्ण है। यह भगवान शिव के प्रति अटूट भक्ति का प्रतीक है। आइए इसके पीछे की वजह जानते हैं।



नई दिल्ली। सावन का पवित्र महीना भगवान शिव की आराधना और भक्ति का महापर्व है। इस दौरान (स्ड्डद्2ड्डठ्ठ 2025) शिव भक्त दूर-दूर से पवित्र नदियों खासतौर पर गंगा, का जल भरकर लाते हैं और शिवलिंग पर चढ़ाते हैं। इस पवित्र यात्रा को कांवड़ यात्रा कहा जाता है, और इसमें सबसे महत्वपूर्ण होता है कांवड़ को कंधे पर रखकर चलना। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि इसके पीछे गहरी धार्मिक औक पौराणिक मान्यताएं हैं। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

**कंधे पर कांवड़ रखने की वजह** - कांवड़ यात्रा भगवान शिव के प्रति अटूट समर्पण और भक्ति का प्रतीक है। कांवड़ को कंधे पर रखकर चलना, भक्तों के लिए एक तरह की तपस्या है। इस दौरान भक्त शारीरिक कष्ट सहते हैं, लेकिन उनके मन में भगवान शिव के प्रति आस्था जरा सी भी कम नहीं होती है। इससे ये भी पता चलता है कि साधक शिव जी के लिए किसी भी कठिनाई का सामना करने के लिए तैयार हैं।

**शिव-रावण से जुड़ा है रहस्य**- कांवड़ यात्रा की शुरुआत के पीछे कई पौराणिक कथाएं हैं, जिनमें से एक सबसे प्रचलित कथा लंकापति रावण से जुड़ी है। ऐसा माना जाता है कि रावण भगवान शिव का परम भक्त था। जब रावण ने कैलाश पर्वत को उठाने का प्रयास किया, तब भगवान शिव क्रोधित हो गए। रावण ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए गंगाजल से उनका अभिषेक किया।

कहा जाता है कि रावण ने ही पहली बार गंगाजल को एक विशेष विधि से कांवड़ में भरकर लाया था। वह जल लाने के लिए उसने कांवड़ का उपयोग किया और उसे अपने कंधे पर रखकर लाया।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बेडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बेडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# सावन सोमवार आज से शुरू, सम्पूर्ण सृष्टि हो जाएगी शिवमय









### कावड़ यात्रा के पूर्व वृक्षारोपण करेंगे महापौर

### पूर्व कमीश्नर चंद्रकात कौशिक को पर्यावरण रत्न का सम्मान

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिव कृपा का सावन माह आरंभ है तथा सम्पूर्ण सृष्टि शिवमय हो गई है । शिवजी ने संसार के कल्याण के साथ, समुद्र मंथन में निकला विष का पान भी सृष्टि की रक्षा व जनकल्याण के लिए स्वयं पी लिया था । शिव जी की जटा से जीवनदायनी गंगा प्रवाहित होती है । ऐसे महादेव की सम्पूर्ण जग कल्याण के विशेष कृपा दृष्टि के देव का पवित्र माह सावन है । श्री बागेश्वर मंदिर धर्माथ टस्ट्र द्वारा भी प्रति वर्ष भगवान श्री भोलेनाथ की इसी प्रेरणा से स्वयं की मनोकामना के साथ-साथ सृष्टि, जनकल्याण, राष्ट्रीय भावना आदि के विषय पर कांवड़ यात्रा अनवरत् रूप से शिवभक्तों द्वारा निकाली जाती है । उक्त जानकारी देते हुए श्री बागेश्वर धाम सेवक एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के सदस्यों पंकज गुप्ता, मयंक शर्मा, सूरज गुप्ता, भावेश अग्रवाल, सौरभ खण्डेलवाल, निकुंज सिंघल, विजय गुप्ता, राकेश ठाकुर, राजेश शर्मा मनोहर चंदेल, मनीष यादव, अनूप तिवारी, श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता, मौसमी शर्मा ने बताया कि प्रथम सावन सोमवार को हरित कांवड़ यात्रा मे कांवड़ यात्रा के पूर्व तथा कावड़ यात्रा के जलार्पण के पश्चात् मंदिर परिसर मे वृक्षारोपण के मुख्यअतिथि नगर के प्रथम नागरिक महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं अन्य अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण किया जावेगा । इस अवसर पर राजनांदगाँव संस्कारधानी में पूर्व में रहे आयुक्त जिन्होंने पर्यावरण वृक्षारोपण के सम्बन्ध मे अपने कार्यकाल में भागीरथ प्रयास किए व नगर को हरा-भरा बनाने हेतु सार्थक प्रयास किया । उन्हें पर्यावरण रत्न का सम्मान महापौर मधुसूदन यादव व अन्य अतिथियों द्वारा प्रदत्त किया जावेगा । कावड़ यात्रा में शिवनाथ नदी के पवित्र जल से भरे कावड़ के साथ-साथ पर्यावरण प्रोत्साहन-जल संरक्षण वृक्षारोपण,प्लास्टिक उपयोग, बंद करने की प्रेरणा हेतु पटिटका से भी उक्त संदेश दिया जावेगा । श्री बागेश्वर धाम सेवक विजय गुप्ता अजय गुप्ता,विकास गुप्ता सौरभ गुप्ता गोल्डी व अन्य सेवकों पर्यावरण सदस्यों द्वारा इस शिवभक्ति के साथ साथ सृष्टि के कल्याण हेतु निकाली जा रही श्री बागेश्वर धाम हरित कांवड़ यात्रा मे संस्कारधानी के सभी गणमान्य नागरिकों, नारी शक्ति,युवाओं को अपनी सार्थक उपस्थित देने का आग्रह किया है । उक्त जानकारी श्री बागेश्वर धाम सेवक पंकज गुप्ता द्वारा एक विज्ञप्ति में दी गई।

## एम डी मेडिसिन देंगे मंदिर अस्पताल में नियमित सेवाएं

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ द्वारा संचालित मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में डां तिलक राज गजेन्द्र (एम डी मेडिसिन) सोमवार से शनिवार शाम 4 बजे से 7 बजे नियमित सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके पूर्व विगत सप्ताह से डॉ. अनुपमा अस्थाना, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ( सोमवार, बुधवार, शुक्रवार) और डॉ विजय श्री जैन स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ( मंगलवार, गुरुवार, शनिवार) इस प्रकार सप्ताह में 6 दिन रविवार छोड़ कर दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक सेवायें प्रदान कर रहीं हैं। और डॉ अपूर्व वर्मा नाक कान गला रोग विशेषज्ञ प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं । श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में उक्त डाक्टरों के अतिरिक्त विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा प्रदान किए जा रहे सेवाओं का लाभ निरंतर क्षेत्र के नागरिक गण ले रहे हैं। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा क्षेत्र के नागरिकों से उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की गई है।

## शहीदों की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन

### रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को हेलमेट दिया गया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नर्मदा धाम सुरसुली में संकल्प जन सेवा समिति एवं समस्त आंचलित ग्रामवासी के सयुंक्त तत्वावधान में राजनांदगांव जिले की समाजसेवी संस्था रीड यूथ सोसायटी के उपस्थिति में शहीद रितेश वैष्णव की स्मृति में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर वृक्षारोपण, खेल प्रतियोगिता (दौड़/ रिलेरेस/ रस्सा कशी) एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आईसेक्ट कंप्यूटर सेंटर देवरी के संस्थापक भारत सर जी, योगेश्वर निषाद सर चौबे सर शीना वैष्णव मैडम जी कार्यकम में मुख्य भूमिका रहे । इसके साथ ही रीड यूथ सोसायटी राजनांदगांव के कार्यक्रम प्रबंधक श्री भावेश साहू जी प्रमुख भूमिका रही। रक्तदान शिविर में बालाजी ब्लड बैंक राजनादगांव टीम, राजेंद्र देवांगन जी और उनके पूरे टीम का सहयोग रहा । रक्तदान शिविर में 160 लोगों ने रक्तदान किया एवं सभी रक्तदाताओं को हेलमेट वितरण किया गया।



सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092

# आज संस्कारधानी में निकलेगी महाकाल की पालकी यात्रा

### शिव मय होगा राजनांदगांव शहर



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 11 जुलाई से सावन शुरू हो गया है शिव जी के पावन महीने में सृष्टि का कार्यभार भगवान विष्णु जी शंकर जी को सौंप देते हैं जिसमें प्रत्येक सोमवार को महाकाल की पालकी यात्रा महाकाल के भक्तों द्वारा निकली जाएगी। उक्त संबंध में महाकाल भक्त नीलू शर्मा व पवन डागा ने बताया कि भगवान महाकाल चंद्रमौलेश्वर के रुप मे नगर भ्रमण के लिए निकलेगी जो भक्तजन उज्जैन नहीं पहुंच सकते और सिंघोला दर्शन में नहीं जा सकते तो बाबा नगर में अपने भक्तों का हाल-चाल जानने के लिए बाबा चंद्रमौलेश्वर के रूप में पालकी यात्रा निकलती है। सावन को हर सोमवार को निकलती है। जो संस्कारधानी राजनंदगांव में शहर के विभिन्न मार्गो में भ्रमण करेगी। इस दौरान एक से बढ़कर एक बाजे गाजे की प्रस्तुति दी जाएगी जिसमें महाकाल के भक्त धार्मिक और पारंपरिक वेशभूषा धोती कुर्ता में नजर आएंगे। प्रथम यात्रा आज दिनांक 14.7.2025 दिन सोमबार को प्रारंभ होगा जिसमें नंदई हाट बाजार, नंदई चौक, इंदरानगर चौक, बासपाई पारा चौक, दुर्गा चौक, गांधी चौक, महाकाल चौक, आजाद चौक, गुड़ ?ाखूँ लाइन, गोल बाजार, सत्यनारायण मंदिर कामठी लाइन में हरिहर मिलन होगा, लक्ष्मी मंदिर हमाल पारा में विश्राम करेंगे।

# भाजपा की कमान -जिला भाजपाध्यक्ष दिलीप वर्मा एवं जिला महामंत्री नरसिंह भंडारी अनिल गुप्ता



**अंबागढ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** भाजपा के प्रदेश संगठन ने नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ चौकी में जिला भाजपा अध्यक्ष के पद पर चौथी बार नियुक्ति की है। जिला निर्माण के दो वर्ष में भाजपा संगठन ने चौथी बार जिला संगठन प्रमुख पद पर इस क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता अधिवक्ता दिलीप वर्मा को जवाबदारी सौपी है। जबकि जिला महामंत्री का पद भाजपा नेता जिला पंचायत सदस्य नरसिंह भंडारी व अनिल गुप्ता को दिया है। नई नियुक्ति होने के बाद जिले के भाजपा कार्यकर्ताओ में हर्श व्याप्त है। जिला भाजपा अध्यक्ष एवं जिला महांमत्री के नियुक्ति की जानकारी नगर में भाजपा कार्यकर्ताओ तक पहुची नगर में पटाखे फूटने व मिठाईया बटनी षुरू हो गई है। जिला भाजपाध्यक्ष पद पर दूसरी बार अंबागढ चौकी क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता दिलीप वर्मा को यह जवाबदारी मिली है। इससे पहले नगर में निवासरत पूर्व विधायक संजीव शाह को भाजपा संगठन ने जिला की कमांड दिया था। आज प्रांत: 11 बजे जिले भर के प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता अंबागढ चौकी विश्राम गृह में एकत्रित होकर नए जिला भाजपाध्यक्ष दिलीप वर्मा को बधाई दी। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओ ने खूब फ्टाखे फोड एवं मिठाईया खिलाकर एक दूसरे को बधाईया दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष एवं निवृतमान जिलाध्यक्ष नम्रता सिंह, एवं प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे।

# फर्जी आधारकार्ड का प्रयोग करके बेरोजगार से उगाही

### नौकरी लगाने का झांसा देकर युवक से 6 लाख की ठगी, राजधानी तक पुलिस रिपोर्ट दर्ज, नही मिल सका न्याय




**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीप ग्राम माथलडबरी निवासी युवक ठगी हो गई। बेरोजगार युवक से लगभग 6 लाख रुपये की उगाही कर ठग द्वारा पुन: रुपये की मांग करने पर पीड़ित को ठगी होने का अहसास हुआ। पीड़ित बेरोजगार अपने पिता के साथ स्थानीय डोंगरगांव पुलिस से लेकर राजनांदगाँव, दुर्ग सहित राजधानी रायपुर पुलिस तक रिपोर्ट दर्ज कराकर न्याय की फरियाद की, लेकिन पीड़ितों को डेढ़ वर्षों में भी न्याय नही मिल सका है।

पीड़ित युवक मनोहर लाल अहीर निवासी ग्राम माथलडबरी ने मीडिया को लिखित विज्ञप्ति में बताया कि लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व डोंगरगांव मेन रोड स्थित स्टेट बैंक एटीएम आया था, जहां एक विज्ञापन शासकीय सेवा से संबंधित चस्पा था। विज्ञापन में राजनांदगांव जिला 1786 पदों की भर्ती संबंधी लेख था, जो विभिन्न वर्गों के लिए दर्शाया गया था। जिस पर एक मोबाईल नम्बर 8269553354 अंकित था। चूंकि युवक एवं उसके भाई-बहन, सभी शिक्षित बेरोजगार है, लिहाजा उक्त विज्ञापन के झांसे में आकर युवक ने विज्ञापन में अंकित नम्बर पर संपर्क किया तो पता चला कि विकास वर्मा नामक व्यक्ति ने नौकरी लगाने का झूठा आश्वासन देकर मुझे व मेरे पिता एवं भाई को विश्वास में लेकर रायपुर बुलाया, जहां उसने कथित पांडे सर से हम लोगों का परिचय कराते हुए गोपनीय भर्ती के माध्यम से शासकीय सेवा में नियुक्त कराने का झांसा देकर विभिन्न किस्तों के माध्यम से अब तक जनवरी 2024 तक कुल 5,74,000 रू. विभिन्न माध्यमों से नगद लिया गया था। उक्त घटनाक्रम के बाद भी जब युवक को नौकरी संबंधी कोई नियुक्ति पत्र नहीं आने पर युवक द्वारा पुन: उस व्यक्ति से संपर्क किया, तो पहले तो उसने आनाकानी किया तथा बाद में 30 हजार रू. पुन: मांग की। तब युवक को आभाष हुआ, उन व्यक्तियों के द्वारा द्मनौकरी के नाम पर ठगा जा रहा है।

#### लालच देने से थाना पहुंचा ठग

पीड़ित ने बताया कि ठग को उनके द्वारा अंत मे मांगे गये 30 हजार रू देने का लालच देकर राजनांदगांव बुलाकर इसकी सूचना डोंगरगांव पुलिस को दी। तब डोंगरगांव पुलिस टीम ने ठग को राजनांदगांव से डोंगरगांव थाना पूछताछ की। तब पता चला कि विकास वर्मा ने अपना पहचान छुपाने के लिए फर्जी नाम बताया था एवं फर्जी आधार कार्ड दिया था। पुलिस जांच में सामने आया कि विकास वर्मा नाम बताने वाला व्यक्ति गोकूल कुंजाम है। इसके बावजूद इसके डोंगरगांव पुलिस ने इकरारनामा लिखवाकर मामले को ठंडे बस्ते मे डाल दिया।

#### पुलिस पर ठग को छोड़ने के आरोप-

पीड़ित परिवार ने बताया कि डोंगरगांव पुलिस की पूछताछ में ठग ने नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करना स्वीकार किया, परन्तु उक्त व्यक्ति पर कार्यवाही करने के बजाय पुलिस ने आपसी लेनदेन का मामला बताते हुए राजीनामा का इकरारनामा उभय पक्षों से लिखाकर उक्त ठग को छोड़ दिया गया था। तब मेरे द्वारा उक्त धोखाधड़ी एवं नौकरी दिलाने ठगी की शिकायत राजनांदगांव, दुर्ग एवं रायपुर पुलिस से की गई, परन्तु अब तक ठग के विरूद्ध कोई भी कार्यवाई नहीं हुई है। पीड़ित व्यक्ति ने उक्त राशि दिलाये जाने एवम ठगी के शिकार करने वाले आरोपी के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

# गौठान परिसर में लहराएगी हरियाली सिंघोला पंचायत में वृहद वृक्षारोपण



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विकासखंड की ग्राम पंचायत सिंघोला में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन कर हरियाली का संदेश दिया गया। गौठान परिसर में विभिन्न प्रजातियों के सैकड़ों पौधे रोपे गए। इस अवसर पर जनपद सदस्य खुशबू राकेश साहू एवं सरपंच मुकेश साहू सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य खुशबू राकेश साहू ने कहा कि वृक्ष प्रकृति का वरदान हैं। इनसे जीवन के हर क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। गांव के गौठान में लगाए गए यह पौधे न केवल पर्यावरण को संबल देंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी हरियाली की सौगात देंगे। वृक्षारोपण करना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है उनका संरक्षण भी। हम सभी को मिलकर इन पौधों की देखभाल करनी है। इस अवसर पर सरपंच मुकेश साहू ने कहा कि गौठान परिसर में छायादार, फ्लदार और औषधीय प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया है। यह गांव के सौंदर्य को बढ़ाने के साथ-साथ मवेशियों के लिए भी लाभकारी होंगे। ग्राम पंचायत द्वारा पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड लगाने और नियमित देखरेख की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सिंघोला के सचिव मनोज देवांगन सहित पंचगण रेणुका ठाकुर, टिकेश्वर, हेमलता चंद्राकर, गिरधारी धनकर, कोटवार विवेक जोशी, योगेश साहू, सदानंद, कुबेर साहू, भान बाई साहू, हर्षिता साहू, सीमा साहू, बुद्धदेव यादव, लक्ष्मी भांडेकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com